Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to repair mobile towers in Surat and Tapi districts of Gujarat

श्री प्रभुभाई नागरभाई वसावा (बारदोली) ः मेरे संसदीय क्षेत्र बारदोली (गुजरात) में सूरत और तापी दो जिले आते हैं। आज के युग में संचार एक जीवन रेखा बन गई है। ग्रामीण एरिया में यह सुविधा न होने से जनमानस में काफी रोऐ रहता है। बच्चों को पढ़ाई का ज्ञान, किसानों को खेती की जानकारी, व्यापारियों को व्यापार में आवश्यक सुविधा, संचार के माध्यम से मिलती है। मेरे संसदीय क्षेत्र में कहीं-कहीं पर टावर लगाया गया है लेकिन वहां पर टावर में लगने वाले यंत्र (मशीन) की कमी है, जिसके कारण टावर काम नहीं कर रहे हैं। मेरे संसदीय क्षेत्र में स्वीकृत किये गये नए टावर लगवाने के लिए मैटेरियल की कमी होने की डिपार्टमेंट की ओर से शिकायत मिलती रहती है।

इसलिए माननीय मंत्री जी से मैं मांग करता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र बारदोली (गुजरात) में टावर जल्द से जल्द ठीक कराये जाये, जिससे जनता अपने सरकारी और व्यक्तिगत काम समय पर ठीक से कर सके।